**Maharshi Dayanand University Rohtak**

January 28 at 7:20 PM ·

रोहतक, 28 जनवरी। सुरक्षा कर्मी किसी भी संस्थान का अभिन्न अंग होते हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मी भी विश्वविद्यालय की सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण माहौल के लिए सजग प्रहरी की भूमिका निभाएं। यह उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रोफेसर इंचार्ज, सिक्युरिटी प्रो. रणदीप राणा ने एकेडमिक स्टाफ कालेज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विवि सुरक्षा कर्मियों से रूबरू होते हुए व्यक्त किए।
प्रो. रणदीप राणा ने-सिक्युरिटी स्टाफ रिलेटिंग टू देअर ड्यूटिज एंड रिस्पॉसिब्लिटीज विषय पर विस्तार से अपनी बात रखी। प्रो. रणदीप राणा ने कहा कि सुरक्षा कर्मी किसी भी संस्थान की आंख, नाक एवं कान होते हैं। संस्थान की इमेज बिल्डिंग में सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार अहम होता है। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों से बाहर से आने वाले विजिटर्स से स्नेही व्यवहार अमल में लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मियों का कार्य केवल सुरक्षा करना नहीं है, अपितु सुरक्षा के साथ-साथ सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने में अहम योगदान सुरक्षा कर्मियों का होता है। उन्होंरे सुरक्षा कर्मियों के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्त्व बारे विस्तार से बताया।
कार्यक्रम के प्रारंभ में एकेडमिक स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। डा. अनार सिंह ढुल ने कार्यक्रम के अंत में प्रो. रणदीप राणा का आभार भी जताया। एकेडमिक स्टाफ कालेज के डिप्टी डायरेक्टर नितिन सिवाच ने कार्यक्रम समन्वयन में सहयोग दिया। इस  कार्यक्रम में एमडीयू के सुरक्षा कर्मी शामिल हुए।









दैनिक भास्कर रोहतक, रविवार, 29 जनवरी, 2023

# विवि की इमेज बिल्डिंग में सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार अहमः प्रो. राणा



रोहतक | सुरक्षा कर्मी किसी भी संस्थान का अभिन्न अंग होते हैं। एमडीयू के सुरक्षा कर्मी भी विश्वविद्यालय की सुरक्षा व सौहार्दपूर्ण माहौल के लिए सजग प्रहरी की भूमिका निभाएं। यह विचार एमडीयू के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रोफेसर इंचार्ज, सिक्युरिटी प्रो. रणदीप राणा ने व्यक्त किए। वे एकेडमिक स्टाफ कॉलेज के कार्यक्रम में विवि सुरक्षा कर्मियों से रूबरू होते हुए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मी किसी भी संस्थान की आंख, नाक व कान होते हैं। संस्थान की इमेज बिल्डिंग में सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार अहम होता है। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों से बाहर से आने वाले विजिटर्स से स्नेही व्यवहार अमल में लाने की बात कही। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व बारे विस्तार से बताया। एकेडमिक स्टाफ कॉलेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने कार्यक्रम की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। डॉ. अनार सिंह ढुल ने प्रो. रणदीप राणा का आभार जताया। एकेडमिक स्टाफ कालेज के डिप्टी डायरेक्टर नितिन सिवाच ने कार्यक्रम समन्वयन में सहयोग दिया। कार्यक्रम में एमडीयू के सुरक्षा कर्मी शामिल रहे।


# सुरक्षाकर्मी व्यवहार और अच्छा बनाएं

रोहतक। सुरक्षा कर्मी किसी भी संस्थान का अभिन्न अंग होते हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मी भी विश्वविद्यालय की सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण माहौल के लिए सजग प्रहरी की भूमिका निभाएं। यह कहना है कि विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा का। राणा एकेडमिक स्टॉफ कालेज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुरक्षा कर्मियों से रूबरू हो रहे थे। इन्होंने सिक्युरिटी स्टाफ रिलेटिंग टू देअर ड्यूटिज एंड रिस्पॉसिबिलिटीज अपनी बात रखी। और कहा कि संस्थान की इमेज बिल्डिंग में सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार अहम होता है। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों से बाहर से आने वाले विजिटर्स से स्नेही व्यवहार अमल में लाने की बात कही। कार्यक्रम के प्रारंभ में एकेडमिक स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला।

दैनिक जागरण हिसार, 29 जनवरी, 2023

# सुरक्षा कर्मी किसी भी संस्थान का अभिन्न अंग : प्रो. राणा

- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सुरक्षा कर्मियों की भूमिका और जज्बे की सराहना की
- सिक्युरिटी स्टाफ रिलेटिंग टू देअर ड्यूटिज एंड रिस्पॉसिब्लिटीज विषय पर विस्तार से चर्चा की



एमडीयू में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सुरक्षा कर्मी। • सौजन्य एमडीयू पीआरओ

जागरण संवाददाता, रोहतक : सुरक्षा कर्मी किसी भी संस्थान का अभिन्न अंग होते हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मी भी विश्वविद्यालय की सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण माहौल के लिए सजग प्रहरी की भूमिका निभाएं। यह उद्गार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा ने एकेडमिक स्टाफ कालेज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विवि सुरक्षा कर्मियों से रूबरू होते हुए व्यक्त किए।

प्रो. रणदीप राणा ने सिक्युरिटी स्टाफ रिलेटिंग टू देअर ड्यूटिज एंड रिस्पॉसिब्लिटीज विषय पर विस्तार से अपनी बात रखी। प्रो. रणदीप राणा ने कहा कि सुरक्षा कर्मी किसी भी संस्थान की आंख, नाक एवं कान होते हैं। संस्थान की इमेज बिल्डिंग में सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार अहम होता है। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों से बाहर से आने वाले विजिटर्स से स्नेही व्यवहार अमल में लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मियों का कार्य केवल सुरक्षा करना नहीं है, अपितु सुरक्षा के साथ-साथ सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने में अहम योगदान सुरक्षा कर्मियों का होता है। उन्होंरे सुरक्षा कर्मियों के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्त्व बारे विस्तार से बताया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में एकेडमिक स्टाफ कालेज के कोआर्डिनेटर डा. अनार सिंह ढुल ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। डा. अनार सिंह ढुल ने कार्यक्रम के अंत में प्रो. रणदीप राणा का आभार भी जताया। एकेडमिक स्टाफ कालेज के डिप्टी डायरेक्टर नितिन सिवाच ने कार्यक्रम समन्वयन में सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में एमडीयू के सुरक्षा कर्मी शामिल हुए।









